सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 90 | इंदौर, शनिवार 12 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



इंदौर। संघ ने निकाला पथ संचालन मल्हार आश्रम से।

॥ वचनामृतं ॥



पू. मोरारी बापू

# मन की गुफा को ठीक करने के लिए कोई मंत्र... कोई उपाय है ?...

एक चिट्ठी.... बापू ...मन की गुफा बहुत भयावह लग रही है... अंधकार से भरी... बिल्कुल अस्वच्छ ...बहुत अंधेरा है मन की गुफा में... गुफा में बहुत सी गंदगी भरी है... दुर्गंध भी आती है... इस मन की गुफा को ठीक करने के लिए कोई मंत्र... कोई उपाय है ?...

बापू बोले... जरुर... मैं कबूल करुं कि मन की गुफा ज़रा डराने वाली है... भयावह है... हम और आप जानते हैं अपने मन के बारे में ...कि उसमें बहुत गंदगी पड़ी है... लेकिन इन दोषों की ओर दृष्टि करने के बजाय भगवद गीता में भगवान कृष्ण के वचन को याद करें ....

भगवान कृष्ण कहते हैं... अर्जुन... इंद्रियों में मन मेरी विभूति है....


तो हम ये क्यों मान बैठे कि ये मेरा मन है ?... परमात्मा ने हमें विभूति रुप में मन दिया है ...तो इतनी चिंता करने की जरुरत नहीं ..

वाल्मीकि जी ने कुछ उपाय बताए हैं अयोध्या कांड में कि भगवान हमारे ऐसे मन में आप निवास करो... क्योंकि ये आपका घर है...

दोष दर्शन... दोष दर्शन... है तो है...

अब आप कहते हैं कि शुद्धि का क्या उपाय है ?... उसमें खुशबू कैसे आए?.. मुझे तो ये उपाय लगता है... एक छोटी सी किताब है सूफियों की...पुरानी कहानी... उसमें एक बात थी सो शायद मन की गुफा के लिए उपयोगी हो सकती है....

एक आदमी को अपने मन पर ...अपने शरीर पर... अपनी छाया पर ...अपने कदमों पर नफरत हो गई ...वो अपने को धिक्कारने लगा... जब भी चले तो उसकी छाया साथ में चलती है... उसको अपनी छाया से नफरत हो गई... खुद पर इतनी नफरत हो गई कि वो चाहता है कि मेरे कदमों के निशान भी नहीं रहे... मेरे मन में इतना अंधेरा क्यों है ??.. वो खुद को बहुत कोसन लगा...



एक असाधु मिल गया उसको ...उसने कहा कि तेरी गति कम है ...इसलिए छाया से तेज दौड़... वो कितना दौड़ेगी ?....

बहुत दौड़ा... अपनी पूरी एनर्जी इकट्ठी करके इतना दौड़ा ये आदमी ...लेकिन छाया साथ चली...

उसके बाद एक साधु मिल गया....

छोटा सा सूत्र ...छाया से बचना है बेटा... तो किसी साधु की छाया में बैठ जा... तू धूप में चल रहा है... तू इधर भाग रहा है... मन की तमाम गंदगी खत्म हो जाएगी ...ये अंधेरा भीतरी गुफा का समाप्त....

किसी बुद्ध पुरुष की छाया में बैठने से अपने सभी प्रतिद्वंद ...अपनी सभी छाया... अपने सभी विकार अपने आप खत्म हो जाएंगे...प्रयत्न मत करो... मन को दोष भी मत दो ...मन प्रभु की विभूति है... हमारे जैसों के लिए एक ही..... मन की गुफा के अंधेरे में मशाल प्रकट हो जाएगी... ज्योति प्रकट हो जाएगी ...कोई बुद्ध पुरुष की छाया में बैठ जाएं....

और ऐसे में दुनिया की ज्यादा फिक्र भी मत करना... दुनिया की फिक्र में हमने कितने जन्म गंवा दिए ....

अब ना बनी तो फिर क्या बनेगी....

(राम कथा - मानस कंदरा से साभार सहित संपादन@ पुष्पेंद्रपुष्प)

# 61 साल पुराना नेहरू स्टेडियम नहीं बन सका स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स, बिल्डिंग भी हो गई खतरनाक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की खेल गतिविधियों के नेहरू स्टेडियम को तोड़कर पांच सौ करोड़ की लागत से नया स्पोटर्स काम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार हो गई, लेकिन उस पर काम नहीं हो सका। अब न तो नया स्टेडियम बन पा रहा है और न ही पुराने स्टेडियम का रखरखाव करने में नगर निगम रूचि ले रहा है।**

61 साल पुराने स्टेडियम के कई हिस्से खतरनाक हो चुके है और अभी भी कई कक्षों में खेल गतिविधियां संचालित हो रही है। इंदौर खेल गतिविधियों का बड़ा केंद्र बन रहा है, लेकिन यहां खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं है।



इंदौर के गौरव दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नेहरू स्टेडियम को तोड़कर नया स्टेडियम बनाने की घोषणा की। नगर निगम ने पीपीपी मॉडल पर इसे बनाने की योजना तैयार की। जिसकी अनुमानित लागत 500 करोड़ रुपये तक आ रही थी। नए स्पोटर्स काम्प्लेक्स के एक हिस्से का कर्मशियल उपयोग करने की प्लानिंग थी, ताकि प्रोजेक्ट की लागत निकल सके। इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 50 से ज्यादा दुकानें, फूड कोर्ट रखने की योजना स्मार्ट सिटी कंपनी ने बनाई थी लेकिन दो साल बाद भी इस योजना पर काम नहीं हो पाया। खेल गतिविधियों से जुड़े एमपीसी के पदाधिकारी राजू चौहान कहते है कि नेहरू स्टेडियम की लोकेशन काफी अच्छी है। यहां नया स्टेडियम बनना चाहिए। इससे इंदौर के आसपास की खेल प्रतिभाएं भी लाभान्वित होगी।

### 15 खेल संगठनों के कार्यालय है स्टेडियम में

इंदौर में वर्ष 1963 में नेहरू स्टेडियम बनकर तैयार हुआ था। 61 साल पुराने इस स्टेडियम में 15 से ज्यादा खेल संगठनों के कार्यालय है। खेल संगठनों की नाराजगी नगर निगम की बेरुखी को लेकर है,क्योंकि किराया लेने के बावजूद बिल्डिंग का रखरखाव नहीं होता है। चुनाव के समय प्रशासन इस स्टेडियम का अधिगृहण कर लेता है। तब तक माह तक खेल गतिविधियां प्रभावित रहती है। बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों को भी स्टेडियम के कक्षों में ठहराया जाता है। खेल गतिविधियों के अलावा दूसरे कामों में भी इसका उपयोग होता है। पहले यहां इंटरनेशनल मैच भी होते थे,लेकिन पिच खराब होने के कारण एक मैच रद्द हो गया था। इसके बाद एमपीसीए ने खुद का स्टेडियम बनाया। अब अंतरार्राष्ट्रीय मुकाबले वहां खेले जाते है। नेहरू स्टेडियम शहर की विरासत है। स्टेडियम में अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के कई मैच हुए। इस स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर के 10 हजार रन इस स्टेडियम में पूरे हुए थे।

# धुनुचि नृत्य ने सबका मन मोहा, पूरा बंगाली समाज उमड़ा

## महाअष्टमी पर पुष्पांजलि के साथ हुई संधि पूजा

- **इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन में बच्चों ने सुंदर डांस कर जजेस को प्रभावित किया**
- **आज सुबह बिहित पूजा के साथ होगी कुमारी पूजा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवलखा स्थित बंगाली क्लब में आयोजित 96वें शरद उत्सव में देबी दुर्गा की आराधना में न केवल शंख ध्वनि हो रही हैं वरन ढाकी भी खूब बज रही है। धुनुचि नृत्य से भी देबी माँ की खूब आराधना हो रही है।**

बंगाली स्कूल एंड क्लब के वॉइस प्रेसिडेंट रविशंकर रॉयचौधरी और को -सेक्रेटरी अंबुज दत्ता ने बताया कि शुक्रवार को महाअष्टमी पर सुबह जल्दी कल्पारंभ , बिहित पूजा और पुष्पांजलि हुई।सुबह 6.24 बजे संधि पूजा हुई। सुबह 10 बजे से इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के 300 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बच्चों ने अपने डांस से सबको प्रभावित किया। सुप्रसिद्ध नृत्यागना जयश्री तांबे जज थी। श्री श्री सार्वजनिन् दुर्गा समिति और क्लब कमेटी ने सोवे नियर का विमोचन किया। 11.30 बजे पुष्पांजलि और प्रसाद वितरण हुआ,उसके बाद भोग वितरण। शाम 7.30 बजे से आरती के बाद धुनुचि नृत्य हुआ जिसने सब का मन मोहा।बंगाल से आये ढाकी जोर जोर से ढाक बजाते है और महिला- पुरुष हाथ में जलता हुआ दिया लेकर सुंदर नृत्य करते है।

सारेगामा प्रोग्राम की विनर रही ओलिवा चक्र वती और अवरोदीप बनर्जी ने सुंदर नगमे सुनाकर समा बांध ओलिवा ने आई गिरी नंदिनी,, लग जा गले,, जैसे गानो से तालिया बटोरी वही अवरोदीप ने लागा चुनरी में दाग एलो जे मां और मेलोडी सॉंग से वाह वाही लूटी। दिया। म्युजिक था झन्टू चक्रवती का। चीफ गेस्ट प्रसिद्ध आर्किटेक्ट हितेंद्र मेहता थे।

शनिवार को सुबह 5 बजे देबी महानवमी बिहित पूजा, बलिदान और कुमारी पूजा होगी। सुबह 7 बजे पुष्पांजलि। 11. 30 बजे भोग वितरण होगा शाम 7.30 बजे आरती के बाद धुनुचि नृत्य होगा और रात्रि 9 बजे से कल्चर प्रोग्राम होंगे। रविवार को सुबह 10 बजे से महिलाओ का सिंदूर खेला होगा। दोपहर1.30 बजे प्रसादी और 2.30 बजे से जुलूस निकलेगा। शाम 7.30 बजे शांति जल और मिठाई वितरण और रात्रि 9.30 बजे बिजोया सम्मेलन होगा।



इंदौर। दशहरे के अवसर पर चमन बाग चौराहे परनिगम कर्मचारियों ने की चेबर पूजा की।

## बिजली कंपनी की एमडी ने दो जिलों में छः स्थानों पर वितरण व्यवस्था देखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक (एमडी) सुश्री रजनी सिंह शुक्रवार को आगार, शाजापुर के दौरे पर रही। उन्होंने दोनों ही जिलों में छः स्थानों पर निरीक्षण किया, इस अवसर पर उज्जैन के मुख्य अभियंता श्री बीएल चौहान भी साथ थे। दौरे की शुरूआत शाजापुर जिले के खेड़ा पहाड़ में आरडीएसएस के तहत 33/11 केवी के पांच मैगावाट क्षमता के ग्रिड से हुई। सुश्री रजनी सिंह ने ग्रिड की गुणवत्ता को देखा, लॉग बुक, लाभान्वित होने वाले उपभोक्ताओं को संबंध में जानकारी ली। मजानिया गांव में उन्होंने फीडर विभक्तिकरण कार्य का मौका मुआयना किया। इसी के साथ शाजापुर के समीप दुपाड़ा रोड पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का कार्य देखा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गुणवत्तापूर्ण बिजली वितरण करना, नियमानुसार बिल जारी करना एवं समय पर राजस्व संग्रहित करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक कार्मिक सजग और समर्पित रहे।

# लालबाग पैलेस में आयोजित घूमर गरबा महोत्सव का समापन

## अंतिम दिन का उत्साह देखने लायक रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लालबाग पैलेस में आयोजित आठ दिवसीय घूमर गरबा महोत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। सौगात मिश्रा, अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा, इंदौर महानगर और उनकी टीम द्वारा आयोजित इस महोत्सव ने हजारों भक्तों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर दिया।**

आठ रातों तक चलने वाले इस महोत्सव में पारंपरिक गरबा पर ही सारा ध्यान रखा गया। घूमर गरबा के आयोजक सौगात मिश्रा ने कहा यह घूमर गरबा का ग्यारहवाँ वर्ष है, इसके पहले हम सुदामा नगर में इसी गरबा का आयोजन इस से कुछ छोटे स्तर पर करते थे, परंतु हमें हर बार गरबा करने वाले प्रतिभागियों और दर्शकों की ओर से मांग आती रहती थी कि इसे बड़ा, विशाल स्वरूप दिया जाए। हमें इस बात की बेहद खुशी है कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से हमारे प्रेरणास्त्रोत कैलाश विजयवर्गीय, संरक्षक पुष्यमित्र भार्गव, मार्गदर्शन मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, विधायक मालिनी गौड़, नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे और संयोजक आलोक दुबे के सहयोग से हम इंदौर के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोगों को इस कार्यक्रम की ओर आकर्षित कर पाए।

श्री मिश्रा ने आगे कहा गरबा, डांडिया और हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित थीमैटिक एक्ट्स जैसे महाभारत कालबेलिया डांस और गरबा फ्यूजन जैसे विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महोत्सव को और अधिक आकर्षक बनाया।

### नेशनल सिल्क एक्सपो की शुरूआत ...

# कश्मीर से आई एंटीक जरी की साड़ियां , 30 सालों तक खराब नहीं होती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बास्केटबॉल परिसर में 7 दिवसीय नेशनल एक्सपो की शुरूआत हुई । इस एक्सपो में 15 राज्यों के 55 से ज्यादा बुनकर आये है । जिन्होंने अपने हाथों से बने सिल्क की साड़ियों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी असम की आदिवासियों द्वारा बनाई गई हैंड प्रिंट साड़ी लोगों को काफी पसंद आ रही है ।**



ग्रामीण हस्तकला विकास समिति द्वारा आयोजित ये प्रदर्शनी 14 अक्टूबर तक चलेगी । प्रदर्शनी के आयोजक जयेश गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी का मकसद देश भर के बुनकरों को विपणन के लिए एक उपयुक्त बाजार उपलब्ध करवाना है । प्रदर्शनी में असम से आए बुनकर अपने साथ कॉटन सिल्क साड़ी लाए हैं । प्रदर्शनी में कश्मीर से आए शफिर अली अपने साथ जॉर्जट खड़िया की हाथों से बनी हुई साड़ी लाए हैं इस साड़ी को बनाने में ढाई साल लगते हैं और यह साड़ी की दूसरी कॉपी नहीं मिलती। इसमें एंटीक जरी का इस्तेमाल किया है जो 20-30 साल तक काली नहीं पड़ती है । इसके साथ ही एक्सपो में उत्तरप्रदेश का बनारस सिल्क, जामदानी और लखनऊ चिकन, मध्यप्रदेश का चंदेरी और महेश्वरी सिल्क, बिहार का भागलपुर टस्सर, कोसा और खादी सिल्क, कर्नाटक का क्रेप प्रिंटेड और बैंगलोर सिल्क साड़ी, तमिलनाडु का कांजीवरम सिल्क और कोयंबटोर कॉटनऔर बांधनी साड़ी एवं असाम का मूंगा और ऐरी सिल्क आया है।

# हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 15 को खुलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




**मुंबई। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड कंपनी ने मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश आईपीओ - ऑफर खोलने का प्रस्ताव किया है।**

कंपनी हुंडई मोटर समूह की अंग है, जो क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2023 में यात्री वाहन बिक्री के आधार पर दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी ऑटो ओईएम थी। एंकर इन्वेस्टर बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, जो सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024 है। बोली/ऑफर बंद होने की तारीख गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड 1,865 प्रति इक्विटी शेयर से 1,960 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 7 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 7 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती हैं। कंपनी के आईपीओ में हुंडई मोटर (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा 142,194,700 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी को इस प्रस्ताव से कोई आय (प्रस्ताव आय) प्राप्त नहीं होगी। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के जरिए किया जा रहा है।

# ज्वेलरी से भरा बैग उड़ाया, चंद घंटे में पकड़ा

## जेवर चेक कराने दुकान पर पहुंचा था युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जेवर चेक कराने आए युवक ने बैग दुकान पर रखा और फोन पर बात करने लगा, तभी किसी बदमाश ने बैग उड़ा लिया। पुलिस ने चंद घंटे में आरोपी को पकडक़र सलाखों के पीछे धकेल दिया है। सराफा थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी के मुताबिक, बुधवार को फरियादी उज्जवल पिता प्रतीक माहेश्वरी निवासी परदेशीपुरा बैग में कान के झाले, पेंडिल आदि जेवर लेकर सराफा के गोल्डन प्लाजा में पहुंचा था। यहां ज्वेलर्स की दुकान पर बैग रखने के बाद घटना कारित हो गई। फरियादी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपी को पकडऩे के निर्देस दिए। पुलिस ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। इसमें आए हुलिए के आधार पर बदमाश को पकडऩे टीम गठित कर मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया। घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सतीश पिता विक्रम भाई पटेल निवासी झालाराम मार्ग चांदमारी का भट्टा धार को पकड़ा। उसके पास से ढाई लाख के जेवर बरामद किए। आरोपी धार रोड पर टिम्बर मार्केट में काम करता है। अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में युवती से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। छत्रीपुरा में स्टॉक मार्केटिंग का काम करने वाली युवती के साथ छेडछाड का मामला सामने आया है। पुलिस ने इलाके में रहने वाले आरोपी पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, 22 साल की युवती की शिकायत पर आकाश खताबिया पर छेड़छाड़ करने और धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया गया है। युवती ने बताया कि वह स्टॉक मार्केटिंग का काम करती है। इलाके में रहने वाले आकाश आए दिन उसका पीछा करता है। गुरुवार को वह अपनी बहन के साथ जा रही थी। तब उसे रास्ते में आरोपी ने रोका और बात करने के लिए हाथ पकडक़र दबाव बनाने लगा। युवती ने इनकार किया तो आरोपी ने धमकी दी कि वह किसी की भी उसे नहीं होने देगा। पुलिस ने मामले में आरोपी को हिरासत में लिया है।

# यूनिवर्सिटी गरबा विवाद में दूसरे पक्ष ने भी दर्ज करवाया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **यूनिवर्सिटी परिसर में गरबे के दौरान हुए झगड़े में दूसरे पक्ष ने भी रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप लगाया है कि मंच पर बैठने से मना किया तो हमला किया गया था**।

भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि दीपक दांगी पिता भागीरथ निवासी आरएनटी बॉयज हॉस्टल डीएवीवी की शिकायत पर दीक्षांत पाटीदार, प्रियांशु कुशवाहा, राज उपाध्याय, मनोज जाट और उनके साथियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। गत दिनों यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित गरबा में विवाद हुआ था, जिसमें दीपक दांगी और साथियों पर मारपीट का आरोप लगा था। अब दीपक दांगी पक्ष ने पुलिस को बताया कि गरबे के दौरान आरोपी अपने साथियों के साथ आए और स्टेज पर बैठने लगे। उन्हें वहां से हटाया तो वह फैकल्टी के स्थान पर जाकर बैठ गए। उन्हें वहां से अलग बैठने को कहा इसी बात को लेकर आरोपियों ने विवाद किया और हमला कर दिया था।

# एक साल से अलग रह रही पत्नी को मारा चाकू

**इंदौर**। एक साल से मायके में रह रही पत्नी पर पति ने चाकू से वार किया। पति पत्नी को झगड़ते देख राहगीरों ने बचाया। यास्मीन को नाक और गाल में चाकू से वार किया गया। चंदन नगर पुलिस को फरियादी ने बताया कि वह दोपहर साढ़े 12 बजे अपनी बहन यास्मीन के साथ नंदननगर तरफ जा रही थी। तभी रास्ते में यास्मीन का पति सद्दाम मिला। उसने यास्मीन को घर चलने को कहा। जब यास्मीन ने घर जाने से मना किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विवाद के चलते सद्दाम ने यास्मीन पर नाक और गाल में चाकू से वार किया गया। सडक़ पर हो रही मारपीट को देख वहां से गुजर रहे जुबेर और आशिफ ने महिला की जान बचाते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



# 9 साल की बच्ची को कुएं में फेंका, पत्थर मारा

## चिढ़ाने से गुस्से में आकर की हत्या, भाई के साथ मंदिर जा रही थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो,(एजेंसी)।** खजुराहो में एक व्यक्ति ने 9 साल की बच्ची को कुएं में फेंक दिया। इसके बाद ऊपर से पत्थर भी फेंके। वह अपने बड़े भाई के साथ मंदिर जा रही थी। हमलावर ने भाई पर भी पत्थर फेंके। जैसे-तैसे वह जान बचाकर भागा लेकिन बच्ची की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हमलावर को बच्ची ने पहले किसी बात को लेकर चिढ़ाया था जिससे वह नाराज था।

वारदात गुरुवार रात करीब 10 बजे राजनगर थाना क्षेत्र के देवकुलिया गांव की है। रात करीब 1 बजे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची का शव कुएं से निकलवाया। शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक बच्ची का नाम मोहिनी श्रीवास (9) पिता मनोज श्रीवास है। वह चौथी क्लास में पढ़ती थी। अपने दादा-दादी और चाचा के साथ ग्राम देवकुलिया में रहती थी। बच्ची के परिजन दिल्ली में मजदूरी करते हैं। आरोपी गोवर्धन पटेल इसी गांव का रहने वाला है।

### आरोपी बोला- बच्ची के भाई को भी मार डालता

पूछताछ में आरोपी गोवर्धन पटेल ने जुर्म स्वीकार किया है। उसके पास से बच्ची की पायल भी जब्त की गई है। पूछताछ में उसने बताया कि बच्ची उसे काफी दिनों से चिढ़ाती थी। इसी बात से नाराज था। अगर बच्ची का भाई नहीं भागता, तो उसे भी मार डालता। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### भाई बोला- आरोपी को फांसी दो

रात में हम मंदिर जा रहे थे। हम कुएं के पास पहुंचे, वो वहां आरोपी गोवर्धन पटेल पीछे छिपा बैठा था। उसने बहन का हाथ पकड़ा और उसे कुएं में धक्का दे दिया। मैंने शोर मचाया, तो उसने मुझ पर पत्थर फेंके। मेरे हाथ में भी चोट आई है। कुएं में गिरी बहन चिल्लाई तो आरोपी ने ऊपर से पत्थर मारे। उसका सिर फट गया।

### मां बोली- पूजा करने गई थी बेटी

मोहिनी की मां माया ने बताया कि बेटी पूजा करने के लिए मंदिर गई थी, तभी गांव के ही गोवर्धन ने उसे कुएं में धक्का दे दिया। ऊपर से तब तक पत्थर फेंके, जब तक मर नहीं गई। साथ में ननद का लड़का भी था। वह भाग गया, लेकिन बच्ची मर गई।

### बच्ची के चिढ़ाने से नाराज था आरोपी

अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि बच्ची ने आरोपी को कभी किसी बात पर चिढ़ाया था। इसी बात से आरोपी नाराज था। देर रात आरोपी गोवर्धन पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। वह खेत में छिपा बैठा था। बच्ची के छोटे भाई का भी मेडिकल कराया गया है। बच्ची के परिजन और आरोपी के बयान लिए जा रहे हैं।

# सतना में पुलिसकर्मी को बोलेरो ने कुचला

### नए फ्लाई ओवर पर सामने से टकराई दो बाइक, प्रधान आरक्षक समेत 3 घायल

**सतना,(एजेंसी)।** सतना शहर के नए फ्लाई ओवर पर गुरुवार रात हुए सड़क हादसे में पुलिस के प्रधान आरक्षक समेत 3 लोग घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी को रीवा रेफर कर दिया गया है जबकि दो अन्य घायल युवकों को भी उनके परिजन रीवा ले गए।

हादसा रात साढ़े 12 बजे शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत नए बने फ्लाई ओवर पर हुई। दो बाइकों की टक्कर के बाद सड़क पर गिर पड़े प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाहा को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने कुचल दिया। जिससे वो गंभीर घायल हो गई। वहीं अन्य घायलों में सिद्धार्थ सिंह (19) और उसका एक साथी भी शामिल हैं। दोनों देर रात गरबा खेल कर आ रहे थे।

बता दें, प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाहा सुपर 30 में तैनात हैं। वह रात में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। एक्सीडेंट की सूचना मिलते कोलगवां पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। सीएसपी महेंद्र सिंह, टीआई कोलगवां सुदीप सोनी तथा टीआई कोतवाली शंखधर द्विवेदी समेत तमाम पुलिस कर्मी भी अस्पताल पहुंच गए। प्रधान आरक्षक की गंभीर हालत के मद्देनजर डॉक्टरों ने देर रात उसे रीवा रेफर कर दिया। वहीं सूचना के बाद घायल युवकों के परिजन भी अस्पताल आए। परिजन दोनों घायलों को भी रीवा ले गए।

# 10 हजार में नवजात को फेंकने तैयार हो गई नर्स

## 25 हजार लेकर डॉक्टर ने कराई डिलीवरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। भोपाल में जिंदा नवजात बच्ची को फेंकने वाली नर्स, डॉक्टर और नवजात की नानी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने तीनों के बयान दर्ज किए हैं, जिसमें नर्स ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह महज 10 हजार रुपए ज्यादा मिलने के लालच में नवजात को ठिकाने लगाने के लिए तैयार हो गई थी। वहीं डॉक्टर 25 हजार रुपए लेकर अवैध डिलीवरी कराने को तैयार हो गया।**

डिलीवरी कराते वक्त उसे अंदाजा था कि बच्ची मृत पैदा होगी क्योंकि उसने नाबालिग को कुछ दवा और इंजेक्शन दिए थे, लेकिन बच्ची जिंदा पैदा हुई। उसे ठिकाने लगाने के एवज में उसकी नानी (पीड़िता की मां) ने तय सौदे से अधिक रुपए देने का लालच दिया। 10 हजार रुपए में वह नवजात को ठिकाने लगाने के लिए राजी हो गई।

### बच्ची को नाले में फेंकना चाहती थी नर्स

नर्स ने पुलिस को बताया, बच्ची को ठिकाने लगाने के लिए वह जहांगीराबाद इलाके से बरखेड़ी से निकली। पुल पातरा को पार कर किया। यही पातरा नाले में बच्ची को फेंकने का प्लान था। लेकिन, नवरात्र के कारण मेन रोड पर भीड़ ज्यादा थी। ऐसे में यहां बच्ची को फेंकने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। इसके बाद बाग उमराव दूल्हा का अंडरब्रिज पार किया। रात करीब 3 बजे रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर बने एक घर के सामने बच्ची को बोरी सहित रख दिया।

मुस्लिम आबादी वाले इस क्षेत्र में फजर की नमाज पढ़ने उठे लोगों ने सुबह करीब 5:30 बजे बोरी में हलचल देखी, पास जाने पर रोने की आवाज आई। बोरी को खोलकर देखने पर नवजात मिली। तब पुलिस को मामले की सूचना दी गई। इलाज के दौरान कमला नेहरू अस्पताल में गुरुवार की सुबह नवजात की मौत हो गई।

### नाबालिग पीड़िता की तबीयत बिगड़ी

बच्ची को जन्म देने वाली नाबालिग पीड़िता की तबीयत खराब है। उसे उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने पर उसके बयानों को दर्ज किया जाएगा। उसकी काउंसिलिंग कराई जाएगी। इसके बाद उसे भी किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। फिलहाल पीड़िता पुलिस और डॉक्टरों की निगरानी में है।

### आरोपियों पर पॉक्सो की धारा में इजाफा किया

पुलिस ने जेल भेजे गए तीनों आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट की धाराओं में भी इजाफा कर दिया है। सब कुछ जानकारी में होते हुए आरोपियों ने चोरी छिपे नाबालिग की डिलीवरी कराई, अपराध छिपाने की नीयत से उसे फेंक दिया गया।

# लड़कियों की ड्रेस पहन कर एटीएम में घुसे बदमाश

### ऑटो से पहुंचे थे एटीएम काटने

### तीनों आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र के फाजलपुरा स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम को तोड़ने की कोशिश की गई। दो युवक लड़कियों की ड्रेस पहने हुए एटीएम में घुसते नजर आए है। एटीएम में तोड़फोड़ के कारण सायरन बजते ही आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना शुक्रवार तड़के 4.15 बजे की है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चिमनगंज मंडी गेट के पास स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में तीन युवक सलवार सूट पहन कर ऑटो से पहुंचे थे वह अपने साथ स्प्रे लेकर आए थे, एटीएम के अंदर जाते ही तीनों ने शटर लगाने के बाद अंदर लगे कैमरों पर स्प्रे कर कैमरे को बंद करने की कोशिश की। आरोपियों द्वारा एटीएम काटने के दौरान सायरन बज गया,जिसकी जानकारी बैंक मैनेजर के पास पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने के पहले ही बदमाश वहां से फरार हो गए हालांकि वह अपने साथ केश नहीं ले जा सके। सीसीटीवी फुटेज में दोनों बदमाश स्प्रे करते और मौके से फरार होते दिखाई दिए है। मामले में पुलिस ने सोहेल पिता अब्दुल सलीम आयु 19 साल, कालू पिता प्रभूलाल कलाल आयु 19 साल तथा विवेक पिता मनोज यादव 18 साल को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ऑटो, कटर मशीन भी जप्त की हैं।

# अधिकारी के घर मिला पटाखों का अवैध भंडार

### पति-पत्नी पर एफआईआर, डीएम के आदेश पर निलंबित है पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह,(एजेंसी)।** दमोह के पटेरा में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के घर से बड़ी मात्रा में पटाखे और बारूद जब्त हुए हैं। पुलिस ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे और लाइसेंसधारी उनकी पत्नी मंजु गूजरे पर एफआईआर दर्ज की है।

पटेरा टीआई अमित मिश्रा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मुकेश गूजरे के घर में बड़ी मात्रा में बारूद और पटाखों का स्टॉक है। पुलिस ने दबिश दी, तो उनके घर से 16 पेटी हैंडमेड सुतली बम, 2 बोरी पटाखे निर्मित करने का सामान, रस्सी, खोखा और 100 ग्राम बारूद मिला। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और लाइसेंसधारी उनकी पत्नी मंजु गूजरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने जिला मजिस्ट्रेट की हैसियत से फिलहाल जिले के सभी पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस सस्पेंड कर रखे हैं। इसलिए इस समय पटाखों का भंडारण अवैध माना जा रहा है। इसके चलते यह कार्यवाई की गई।

# 10 राज्यों का मोस्ट वांटेड आरोपी टांडा पुलिस की गिरफ्त में

### 10 टीमों के साथ कई राज्यों में घटनाओं को दिया अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कुक्षी, (निप्र)।** 10 राज्यो का मोस्ट वांटेड फरार आरोपी भारत पिता भवर सिंह निवासी बगोली अपने दो अन्य साथी सुरेश पिता रूपसिंह निवासी ग्राम राडरावद, रितेश पिता मोहब्बत निवासी बगोली थाना टांडा को साइबर क्राइम ब्रांच धार के साथ टांडा और बाग पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में आखिरकार दबोच लिया ।

पुलिस कार्यवाही की जानकारी देते हुए कुक्षी एसडीओपी सुनील गुप्ता ने बताया कि उक्त आरोपियों की गैंग ने आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश गुजरात, असम सहित मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर संगीन अपराधो चोरी नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम दिया है, आरोपियों से पूछताछ में फिलहाल करीब 70 नकबजनी की वारदातें कबूली है। ये आरोपी जंगलों की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर हर बार फरार होने में कामयाब हो जाते थे, तथा लगातार बगोली के घने जंगलों में रहकर फरारी काट कर अपने साथियों की टीम बनाकर अलग-अलग राज्यों में चोरी नकबजनी करते रहे।विभिन्न राज्यों में उक्त आरोपी के खिलाफ अलग-अलग इनामो की घोषणाएं भी की गई थी, जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा आरोपी भारत भील व उसके साथियों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश थे। जिसको लेकर थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक कमलेश सिंगार, बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान के साथ ही धार साइबर क्राइम शाखा प्रभारी भेरू सिंह देवड़ा द्वारा लगातार प्रयासों के बाद मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत पिता भंवर को अपने साथियों के साथ बगोली के घने जंगल में दबिश देकर उसके साथी सुरेश व रितेश सहित अवैध हथियारों के साथ पकड़ा है। जिनके पास से एक 12 बोर की बंदूक एक नाल की एक जिंदा कारतूस तथा 12 बोर का देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुए, साथ ही चोरी की मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है, पकड़ाए आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न प्रदेशों में दर्ज मुकदमों के साथ ही आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीकृत किया गया है, तथा जिन प्रदेशों में इनके खिलाफ मामले दर्ज उन्हें सूचित किया जा रहा है।

## संपादकीय

### अपनी सादगी से हर किसी का दिल जीत लेते थे

भारतीय उद्योग जगत की महान हस्ती रतन टाटा ने 86 साल की उम्र में 9 अक्तूबर 2024 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वह अपने पीछे एक बड़ी विरासत छोड़ गए हैं। टाटा परिवार का देश के विकास में बड़ा योगदान है और रतन टाटा ने भी अपने फैसलों से अपने परिवार की इस महान विरासत को कायम रखा। टाटा परिवार के विभिन्न लोगों ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से टाटा समूह को इस देश का सबसे प्रमुख और प्रभावशाली व्यापारिक घराना बनाया। भारत के रतन कहे जाने वाले दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा अरबपतियों में शामिल होने के बावजूद अपनी सादगी से हर किसी का दिल जीत लेते थे। वह उन शख्सियतों में शुमार थे, जिनका हर कोई सम्मान करता था। अपनी कारोबारी उपलब्धियों के साथ-साथ अपने विनम्र स्वभाव और परोपकारी कार्यों के भी लिए जाने जाते थे। सैकड़ों करोड़ की संपत्ति होने के बाद भी वह सादगी से ही रहते थे। वह उन शख्सियतों में शुमार थे, जिनका हर कोई सम्मान करता था। कई मौकों पर उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर भारतीयों को गर्व महसूस कराया। टाटा ग्रुप की प्रमुख कंपनियों में एयर इंडिया, टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा नमक, टाटा चाय, जगुआर लैंड रोवर, टाइटन, फास्ट्रैक, तनिष्क, स्टारबक्स, वोल्टास, जारा, वेस्टसाइड, कल्टफिट, टाटा एआईजी, टाटा एआईए लाइफ, टाटा प्ले, टाटा वनएमजी और टाटा कैपिटल ब्रांड्स शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने हाल ही में देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण में भी कदम रखा है। टाटा ग्रुप के मार्केट कैप की ही बात करें, तो यह पाकिस्तान की जीडीपी से भी ज्यादा है। पाकिस्तान की जीडीपी के इस साल के आखिर तक 347 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। जबकि टाटा ग्रुप का मार्केट कैप जुलाई 2024 में ही 400 अरब डॉलर को पार कर गया था। टाटा ग्रुप देश का पहला ऐसा कारोबारी ग्रुप है, जिसकी कंबाइंड वैल्यूएशन 400 अरब डॉलर को पार कर गई है। टाटा मोटर्स में उनकी पसंदीदा परियोजनाओं में इंडिका (भारत में डिजाइन और निर्मित पहली कार) और नैनो (जिसे दुनिया की सबसे सस्ती कार बताया गया) शामिल थी। रतन टाटा ने दोनों मॉडलों के लिए शुरुआती स्केच तैयार किए थे। इंडिका व्यावसायिक रूप से सफल रही। हालांकि, नैनो, जिसकी कीमत मात्र 100,000 रुपये (लगभग 1,200 डॉलर) थी और जो भारत के आम लोगों के लिए एक किफायती कार बनाने के रतन टाटा के सपने की परिणति थी, को सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं और गड़बड़ मार्केटिंग के कारण नुकसान उठाना पड़ा। लॉन्च होने के एक दशक बाद ही इसे बंद कर दिया गया। रतन टाटा एक लाइसेंसधारी पायलट थे, जो कभी-कभी कंपनी का विमान भी उड़ाते थे। उन्होंने कभी विवाह नहीं किया और वे अपने शांत आचरण, अपेक्षाकृत साधारण जीवनशैली और परोपकारी कार्यों के लिए जाने गए। समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की लगभग दो-तिहाई शेयर पूंजी परोपकारी ट्रस्टों के पास है।

# बिना काटे लकड़ी का टूकड़ा छोटा कैसे होगा



बादशाह अकबर अक्सर कई समस्याओं पर बीरबल के साथ चर्चा किया करते थे और साथ ही उनकी बुद्धि की परीक्षा भी लिया करते थे। वहीं, बीरबल भी हर समस्या का समाधान बड़े ही रोचक तरीके से करते थे।

एक बार की बात है महाराज अकबर और बीरबल दोनों शाही बगीचे में टहल रहे थे। दोनों के बीच किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो रही थी कि तभी अचानक बादशाह अकबर के दिमाग में बीरबल की परीक्षा लेने की सूझी।

बादशाह अकबर ने पास में पड़ी हुई एक लकड़ी की ओर इशारा करते हुए बीरबल से पूछा, “बीरबल एक बात बताओ, ये जो सामने लकड़ी पड़ी हुई है, क्या तुम इसे बिना काटे छोटा कर सकते हो?”

बीरबल, बादशाह अकबर के मन की बात समझ गए और वो लकड़ी बादशाह अकबर के हाथ में देते हुए बोले, “जी महाराज मैं इस लकड़ी को छोटा कर सकता हूं।”

बादशाह अकबर बोले, “वो कैसे भला।” तब बीरबल ने वहीं पास में पड़ी हुई एक बड़ी लकड़ी उठाई और बादशाह अकबर को पकड़ाते हुए पूछा, “महाराज इनमें से छोटी लकड़ी कौन-सी है?”

बादशाह अकबर बीरबल की चतुराई समझ गए और छोटी लकड़ी बीरबल के हाथ में देते हुए बोले, “वाकई बीरबल तुमने बिना काटे लकड़ी को छोटा कर दिया।” इसके बाद दोनों जोर-जोर से हंसने लगे।

#### कहानी से सीख

बच्चों, इस कहानी से यह सीख मिलती है कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो, दिमाग से काम लेकर उससे बाहर निकलने का रास्ता खोजा जा सकता है।

# बंदर और लकड़ी का खूंटा



एक समय की बात है, जब शहर से थोड़ी दूर में एक मंदिर बनाया जा रहा था। उस मंदिर के निर्माण में लकड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा था। लकड़ियों के काम के लिए शहर से कुछ मजदूर आए हुए थे। एक दिन मजदूर लकड़ी चीर रहे थे। सारे मजदूर रोज दोपहर का खाना खाने के लिए शहर जाया करते थे। उस दौरान एक घंटे तक वहां कोई भी नहीं रहता था। एक दिन दोपहर के खाने का समय हुआ, तो सभी जाने लगे। एक मजदूर ने लकड़ी आधी ही चीर थी। इसलिए, वह बीच में लकड़ी का खूंटा फंसा देता है, ताकि दोबारा चीरने के लिए आरी फंसाने में आसानी हो।

उनके जाने के कुछ समय बाद बंदरों का एक समूह वहां आ जाता है। उस समूह में एक शरारती बंदर था, जो वहां पड़ी चीजों को उल्टा-पुल्टा करने लगा। बंदरों के सरदार ने सभी को वहां रखी चीजों को छेड़ने से मना किया। कुछ समय बाद सारे बंदर पेड़ों की तरफ वापस जाने लगे, तो वह शरारती बंदर सबसे बचकर पीछे रह जाता है और उधम मचाने लगता है। शरारत करते-करते उसकी नजर उस अधचिरे लकड़ी पर पड़ती है, जिस पर मजदूर ने लकड़ी का खूंटा लगाया था। खूंटे को देखकर बंदर सोचने लगा कि उस लकड़ी को वहां पर क्यों लगाया है, उसे निकालने पर क्या होगा। फिर वह उस खूंटे को बाहर निकालने के लिए खींचने लगता है।

बंदर के अधिक जोर लगाने पर वह खूंटा हिलने और खिसकने लगता है, जिसे देखकर बंदर खुश होता है और जोर लगाकर उस खूंटे को सरकाने लगता है। वह खूंटे को निकालने में इतना मगन हो जाता है कि उसे पता ही नहीं चलता कि कब उसकी पूंछ दोनों पाटों के बीच में आ गई। बंदर पूरी ताकत के साथ खूंटे को खींचकर बाहर निकाल देता है। खूंटा निकलते ही लकड़ी के दोनों भाग चिपक जाते हैं और उसकी पूंछ बीच में फंस जाती है। पूंछ के फंसने पर बंदर दर्द के मारे चिल्लाने लगता है और तभी मजदूर भी वहां पहुंच जाते हैं। उन्हें देखकर बंदर भागने के लिए जोर लगाता है, तो पूंछ टूट जाती है। वह चीखते हुए टूटी पूछ लेकर भागता हुआ अपने झुंड के पास पहुंच जाता है। वहां पहुंचते ही सभी बंदर उसकी टूटी हुई पूंछ देखकर हंसने लगते हैं।

#### कहानी से सीख :

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें न तो दूसरों की चीजों के साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए और न ही उनके काम में दखलंदाजी करनी चाहिए। ऐसा करने से हमें ही नुकसान होता है।

Tamil Nadu

# 75 KM की थी स्पीड, मेन लाइन के बजाय लूप लाइन में घुस गई बागमती एक्सप्रेस; हादसे में 19 यात्री घायल

**कवरापेट्टई, (एजेंसी)** तमिलनाडु के कवरापेट्टई के पास मैसूर-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस और एक खड़ी मालगाड़ी के बीच टक्कर के बाद 12 से 13 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में 19 यात्रियों के घायल होने की सूचना है। घटना रात करीब 20.30 बजे की है। कवराईपेट्टई रेलवे स्टेशन पर एलएचबी कोच वाली ट्रेन संख्या 12578 मैसूरु-डिब्रूगढ़ दरबाबगाह एक्सप्रेस की पीछे से टक्कर हो गई। ट्रेन लगभग 2027 बजे पोन्नेरी स्टेशन से गुजरी और उसे मुख्य लाइन के माध्यम से अगले स्टेशन कवराईपेट्टई पर चलने के लिए हरी झंडी दे दी गई। जानकारी के मुताबिक, कवराईपेट्टई स्टेशन में प्रवेश करते समय ट्रेन के चालक दल को भारी झटका



लगा और दिए गए सिग्नल के अनुसार मेन लाइन में जाने के बजाय ट्रेन लूप लाइन में 75 किमी प्रति घंटा के रफ्तार से प्रवेश कर गई और लूप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 12-13 डिब्बे पटरी से उतरे गए।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक मंत्री और एक वरिष्ठ अधिकारी को तैनात किया है जो राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनियुक्त तमिलनाडु के मंत्री एसएम नासेर ने कहा कि टक्कर के कारण छह डिब्बे पटरी से उतर गए और दो डिब्बों में आग लग गई, जिससे कुल 19 यात्री घायल हो गए। तीन यात्रियों को सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

Maharashtra

## ट्रेडिंग के नाम पर मचाते थे लाखों की लूट...कॉल सेंटर का भांडाफोड़, 14 गिरफ्तार



**मुंबई, (एजेंसी)** देश में साइबर ठगी के अलावा ट्रेडिंग के नाम पर लूट के भी कम गैंग नहीं हैं. ये लोग नामचीन कंपनियों में निवेश का लालच देकर लूट मचाते हैं. जहां से भी इनका संचालन होता है वहां किसी दफ्तर या कॉल सेंटर की आड़ में इसे किया जाता है. हाल में उत्तरी मुंबई के मलाड में ऐसा ही फर्जी कॉल सेंटर सामने आया है.

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच ने फॉरेक्ट ट्रेडिंग में हाई रिटर्न का वादा करके लोगों को धोखा देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक अवैध कॉल सेंटर का भाडाफोड़ किया है. इसमें 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर मलाड पश्चिम के चिंचोली बंदर से संचालित हो रहा था.

उन्होंने कहा- क्राइम ब्रांच यूनिट 10 को विशिष्ट जानकारी मिलने के बाद इसका भंडाफोड़ हुआ. कॉल सेंटर के कर्मचारी ऑनलाइन स्रोतों के माध्यम से इंवेस्टर्स की निजी जानकारी जुटाते थे. फिर वे खुद को यूके स्थित वीएफएक्स मार्केट्स नामक फर्म के कर्मचारियों के रूप में पेश करके इन व्यक्तियों को कॉल करते थे. उन्होंने फॉरेक्स ट्रेडिंग में इंवेस्टमेंट का लालच देकर कई लोगों से लाखों रुपये ठगे हैं.

अधिकारी ने बताया- हमने इस कॉल सेंटर को संचालित करने वाले 14 लोगों को गिरफ्तार किया है. हमने 16 डेस्कटॉप, दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और अवैध कॉल सेंटर से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं.

Maharashtra

## पुणे में शराब के नशे में धुत रईसजादे ने डिलिवरी बॉय को मारी ऑडी से टक्कर, मौत

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। कोरेगांव पार्क इलाके में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार डिलिवरी बॉय को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तत्काल बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। रात को करीब 1:30 बजे हुए इस भयानक हादसे में 21 वर्षीय डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार सवार ने शराब पी रखी थी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान रऊफ अकबर शेख (21) के रूप में हुई। रऊफ शेख फूड डिलिवरी बॉय के तौर पर काम करता था। कार सवार ने इससे पहले एक स्कूटी को भी टक्कर मारी थी, जिसमें तीन लोग घायल हुए थे। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद भी आरोपी ने कार नहीं रोकी। चालक ने घायलों को कार के नीचे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे से कार की पहचान की। इसके बाद मालिक का पता लगाया गया। फिर पुलिस ने आरोपी को हड़पसर इलाके में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान आयुष तयाल (34) के रूप में हुई है।

Bihar

## रोहतास में पूर्व बीडीसी की गोली मारकर हत्या, बगीचे से घर लौटते समय बदमाशों ने की फायरिंग

**सासाराम, (एजेंसी) बिहार के रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला इलाके में सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां चांदी गांव में बदमाशों ने पूर्व BDC (ब्लॉक डेवलपमेंट कमिटी) हरेलाल राय की गोली मारकर हत्या कर दी. यह घटना गुरुवार देर शाम की है, जब हरेलाल अपने बगीचे से घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने घात लगाकर उन पर हमला किया. वारदात के बाद गांव में अफरातफरी मच गई.**

घटना के तुरंत बाद सूचना पुलिस को दी गई. अकोढ़ीगोला थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया.

मृतक के परिवारजनों में इस घटना के बाद कोहराम मच गया है. हरेलाल राय 2011 से 2016 तक चांदी पंचायत के BDC रह चुके थे. हत्या के बाद से गांव में दहशत का माहौल है. हत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है.

रोहतास के एसपी रोशन कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी. हत्याकांड के पीछे क्या कारण रहे, इसका पता लगाने के लिए पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है.

घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है. पुलिस टीम लगातार जांच कर रही है. एसपी रोशन कुमार खुद मौके पर पहुंचे और जायजा लिया. हत्या से गांव में खौफ का माहौल है. पुलिस द्वारा इस मामले को सुलझाने के लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा.

खेल

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में एक टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो में से एक टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं। बताया जा रहा है कि रोहित निजी कारणों के चलते इस सीरीज का एक मुकाबला नहीं खेल पाएंगे और उन्होंने इस बारे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी अवगत करा दिया है।**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में होने वाले मुकाबले से होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस बात की संभावना है कि रोहित पहले या एडिलेड में छह से 10 दिसंबर के बीच होने वाले दूसरे मैच से बाहर रह सकते हैं। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी।

### आने वाले दिनों में मिलेगी पुख्ता जानकारी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, फिलहाल स्थिति के बारे में पूरी स्पष्टता नहीं है। यह समझा जाता है कि रोहित ने बीसीसीआई को बताया है कि इस बात की संभावना है कि वह निजी कारणों के चलते पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती दो में से किसी एक टेस्ट में उपलब्ध नहीं होंगे। अगर सीरीज शुरू होने से पहले वह कारण सुलझ गया तो रोहित सभी पांच टेस्ट मैच खेल सकते हैं। आने वाले दिनों में हमें इस बारे में और जानकारी मिलेगी।

### बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में लिया था हिस्सा

रोहित ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में हिस्सा लिया था। भारत का सामना अब तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड से होगा जिसकी शुरुआत 16 अक्टूबर से होगी। अगर रोहित ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं तो उनकी जगह फॉर्म में चल रहे अभिमन्यु ईश्वरन को मौका दिया जा सकता है। हालांकि, शुभमन गिल और केएल राहुल जैसे अनुभवी बल्लेबाज भी ओपनिंग जोड़ी के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। ईश्वरन उस दौरान ऑस्ट्रेलिया में ही होंगे क्योंकि वह इंडिया ए टीम का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

इस बारे में चर्चा नहीं है कि टेस्ट टीम का उपकप्तान कौन होगा। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के दौरान भी आधिकारिक रूप से रोहित का कोई डेप्यूटी नहीं था। इस बारे में कानपुर टेस्ट से पहले अभिषेक नायर ने कहा था, मुझे लगता है कि हमें समझना होगा कि हमारे पास टीम में कई आईपीएल कप्तान मौजूद हैं। जब आप इस बारे में बात करते हैं तो आपको देखना होगा कि शुभमन गिल, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी टीम में शामिल हैं। ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सिनेमा

## 'हेरा फेरी 3' को फाइनली मिली हरी झंडी, फिरोज नाडियाडवाला ने चुकाए 60 करोड़

### दिखेगी अक्षय, सुनील, परेश की तिकड़ी



अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल स्टारर फिल्म 'हेरा फेरी' अब तक दो पार्ट्स आ चुके हैं और दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा चुके हैं। वहीं, इसके तीसरे पार्ट के आने की बात चल रही है। 'हेरा फेरी 3' से फैंस को खासा उम्मीद है और इस बात का यकीन भी कि ये जब भी रिलीज होगी, सारे रिकॉर्ड्स तोड़ देगी। जबां इस मूवी के डिब्बा बंद होने की चर्चा थी। वहीं बताया जा रहा है कि इसे हरी झंडी मिल गई है। पिछले साल 2023 में तीनों एक्टर्स ने इस बारे में बताया था कि ये मूवी फ्लोर पर जाने वाली है लेकिन फ्रैंचाइजी से जुड़े कानूनी मामले सामने आने के बाद सब रुक गया था। मगर अब फिल्म के लिए रास्ता साफ हो गया है क्योंकि फिरोज नाडियाडवाला कानूनी पचड़ों से खुद को बाहर निकाल लाए हैं। फिरोज नाडियाडवाला ने ही 'हेरा फेरी' के अलावा, 'आवारा पागल दीवाना', 'फिर हेरा फेरी', 'वेलकम' समेत अन्य फिल्मों को दर्शकों के बीच लिकर आए हैं। उन्होंने ही 'वेलकम टू जंगल' का ऐलान किया था और अक्षय के साथ-साथ फिल्म स्टार्स की एक फौज के साथ इस मूवी पर काम शुरू किया था।

## Highlights

1. What led to Mysuru-Darbhanga train's collision, which injured 19 people in TN?
2. Very easy to blame EVMs: Owaisi on Congress' loss in H'yana polls
3. Postmortem being done: Gehlot on Congress' defeat in Haryana polls
4. I wish you achieve victory: PM as he extends wishes on Dussehra
5. All is well: Pawar on leaving Maha Cabinet meet after just 10 mins

# How Tata Trusts controls Tata Sons, the company that owns all other Tata companies



**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Trusts is the philanthropic arm of the Tata Group, which also happens to own about 66% of Tata Sons, the private holding company which owns stakes in all Tata group companies.

This came into focus after Noel Tata was appointed as chairman of the trust on Friday, October 11, 2024, following the death of Ratan Tata who held the post prior.

Tata Trusts has philanthropic interests in education, art and culture. health, and livelihood generation, according to its website.

Meanwhile, Tata Sons Pvt Ltd was founded in 1917 and acts as the promoter and holding company of all the brands that come under the Tata Group umbrella. Natarajan Chandrasekaran has been its chairman since January 2017.

What was the story behind Noel Tata's appointment as chairman of Tata Trusts?

Ratan Tata passed away at Mumbai's Breach Candy hospital on the night of October 09, 2024, at the age of 86 from issues related to old age.

He never married and left behind no children, which made his succession a prominent point of focus.

Ratan Tata was the son of Naval Tata and his first wife Sooni Tata. His parents separated in 1948 when he was just around 10 years old. Meanwhile, Noel Tata was the son of Naval Tata and his second wife Simone Tata, making him his half-brother.

# ‘Aap Jeff Bezos ke ghar gaye?’: Mallika Sherawat opens up about meeting Amazon founder in podcast with BeerBiceps

**NEW DEIHI, (Agency).** Ranveer Allahbadia, aka BeerBiceps, is back with another podcast after dropping a video of his conversation with Naval Ravikant a few days ago. His latest guest is Mallika Sherawat, and they plunge into a candid conversation about her work, her personal life, and her meeting world-renowned personalities, including Jeff Bezos and Kamala Harris.


“Mallika Sherawat on Jeff Bezos,” Allahbadia wrote on his Instagram as he shared a podcast snippet where Sherawat talks about the Amazon founder. “Aap Jeff Bezos he ghar gaye? (You visited Jeff Bezos’ house).” BeerBiceps asks the actor. She replies, “Ji, Washington DC may (Yes, in Washington DC.”



“Jeff Bezos Kaise hai? (How is Jeff Bezos?),” the content creator asks next and Mallika Sherawat replies, “Focused. Laser sharp focus.” Then, she shares an interesting tidbit on how the billionaire manages work-life balance.

“But on weekends, no work. Only relax, spend time with the family,” she reveals, adding, “My interaction with him was at a party where he had invited me. So it was wonderful.”

In the full podcast video, shared on YouTube, she also expresses how being a “girl from Haryana” and meeting Jeff Bezos felt surreal.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक